दिनांकः 09.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिए आज से विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान।
- राज्य में भीषण गर्मी और लू के चलते जनजीवन खासा प्रभावित–बाड़मेर में सर्वाधिक 46 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड।
- प्रदेश में अबूझ सावों पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।

000

प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए आज से विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, मौसमी बीमारियों, लू–तापघात और गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन की तैयारियों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। उच्च स्तर से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी चिकित्सा संस्थानों का एक साथ निरीक्षण करेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस और मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण दिवस एक साथ हैं। इस अवसर पर आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से 27 आकांक्षी ब्लॉक का विशेष निरीक्षण करने के लिए राज्य स्तर से टीमों का गठन किया गया है। मुख्यालय से जाने वाली यह टीमें संबंधित जिले में आंकाक्षी ब्लॉक के साथ ही एक अन्य ब्लॉक का निरीक्षण करेंगी और आगामी कार्य दिवस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के चलते जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा है। पिछले 24 घंटों में पारे में और उछाल आया। बाड़मेर में तापमान बढकर 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा। कल छह अन्य स्थानों पर तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। इनमें जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी, श्रीगंगानगर, बारां का अंता और जालौर शामिल है। शेष स्थानों पर भी पारा 40 डिग्री से ऊपर मापा गया। जैसलमेर में कल 45 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और लू के चलते जनजीवन बेहाल है।

-----------

हालांकि कोटपूतली बहरोड़ में एक दो स्थानों पर कल मौसम में बदलाव आया और छुटपुट जगह बारिश हुई। भीषण गर्मी के चलते विभिन्न जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। कई जिलों में स्कूलों का समय सुबह साढे सात बजे से ग्यारह बजे तक कर दिया गया है। बालोतरा में आज से 12 मई तक कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है। बाड़मेर में भी कक्षा 1 से 8वीं के विद्यार्थियों का आज और कल अवकाश रहेगा। करौली में विद्यार्थियों का 11 मई तक अवकाश घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि सरकार विद्यार्थियों के हित को सर्वोपरि रखते हुए उनके लिए अनुकूल निर्णय लेने के लिए संकल्पबद्ध है।

000

बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के चौहटन में दुधवा खुर्द मतदान केन्द्र क्रमांक 50 पर पुनर्मतदान के दौरान 85 दशमलव सात प्रतिशत वोट डाले गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में कल पुनर्मतदान सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि पुनर्मतदान में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मतदान बूथ के पंजीकृत 1 हजार 294 मतदाताओं में से 1 हजार 109 मतदाताओं ने वोट किया। हालांकि पुनर्मतदान में 26 अप्रैल को हुए मतदान की तुलना में 11 वोट कम डाले गये। 26 अप्रैल को यहां 1 हजार 120 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

000

प्रदेश में अबूझ सावों पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के संबंध में किये जा रहे प्रयासों के तहत बाड़मेर ज़िला कलेक्टर निशांत जैन ने ज़िले के सभी उपखण्ड अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, तहसीलदारों और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को पुख्ता इंतज़ाम करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। वहीं सवाईमाधोपुर जिला कलक्टर डॉ खुशाल यादव ने कल वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से सभी उपखंड मजिस्ट्रेट, विकास अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार और थानाधिकारियों की बैठक ली। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले के सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट अपने–अपने कार्यालय में बाल विवाह की रोकथाम के लिए नियंत्रण कक्ष बनाकर ठोस प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। सवाई–माधोपुर में ही केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से कल जिला मुख्यालय पर स्थित परशुराम मंदिर परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महिलाओं को बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपने आसपास के लोगों को जागरुक कर इस कुप्रथा को समाप्त करने की अपील की गई। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के वक्ताओं ने भी बाल विवाह की रोकथाम पर अपने विचार व्यक्त किये। भीलवाडा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे बाल विवाह ना होने दें। उन्होंने बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रबंधों की जानकारी दी।

------------

गौरतलब है कि कल आखातीज और 23 मई को पीपल पूर्णिमा के अवसर पर अबूझ सावे के चलते बाल विवाह होने की संभावना रहती है।

000

बीकानेर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर मुख्य समारोह राव बीकाजी स्मारक परिसर में आयोजित किया जा रहा है। स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिले में पांच दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पद्म पुरस्कार – देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं। इसमें तीन श्रेणियों में – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सम्मान प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा सहित विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। पिछले महीने 22 अप्रैल को राष्ट्रपति ने तीन पद्म विभूषण, आठ पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये थे।

000

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान आज से नई दिल्ली में सशस्त्र बलों के सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन–2' की अध्यक्षता करेंगे। दो दिवसीय यह सम्मेलन सभी त्रि–सेवा संस्थानों के प्रमुखों के लिए महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य नए सुधारात्मक विचारों और पहलों की शुरुआत करना है।